# भोपाल में लाठीचार्ज, रतलाम में डॉक्टरों का गुस्सा

- दो माह से मानदेय अटका
- इंटर्न डॉक्टरों ने सेवाओं का बहिष्कार कर जताया विरोध

**नव भारत न्यूज**

**रतलाम।** भोपाल में अपनी मांगों को लेकर प्रदर्शन कर रहे मेडिकल इंटर्न डॉक्टरों पर पानी की बौछार और लाठीचार्ज के विरोध में रतलाम के इंटर्न डॉक्टर मंगलवार को आंदोलन पर उतर आए। सुबह 9 बजे शासकीय चिकित्सा महाविद्यालय के मुख्य द्वार पर एकत्र होकर नारेबाजी की। इसके बाद डॉक्टरों ने इंटर्नशिप से जुड़ी सेवाओं का बहिष्कार करते हुए महाविद्यालय परिसर में प्रदर्शन किया।भोपाल के सहकर्मियों के समर्थन में कुछ डॉक्टर विरोध में शामिल होने भोपाल भी जा रहे हैं। इंटर्न डॉक्टरों का कहना है कि उनका उद्देश्य मरीजों को परेशान करना नहीं, बल्कि अपनी मांगों को लोकतांत्रिक तरीके से सरकार और प्रशासन तक पहुंचाना है। डॉक्टरों ने मांग की कि भोपाल कैंपस में कार्रवाई के दौरान आंख और कान पर निशाना साधकर की गई बर्बरता के वीडियो प्रमाण की निष्पक्ष जांच कराई जाए। जांच के बाद जिम्मेदार अधिकारियों पर कठोर कार्रवाई की जाए। विरोध में घायल डॉक्टरों को मुआवजा देने की मांग भी रखी गई। इंटर्न डॉक्टरों के आंदोलन का समर्थन करते हुए पीजी डॉक्टर काली पट्टी बांधकर काम कर रहे हैं। इस दौरान डॉ. शिवाशीष श्रीवास्तव, डॉ. सुनील पाटीदार, डॉ. आदर्श कुशवाह, डॉ. सुवेश चौबे, डॉ. सिद्धार्थ सिंह पंवार, डॉ. अक्षत यादव, डॉ. सुमित रावत सहित बड़ी संख्या डॉक्टर मौजूद रहे।



### 14,337 का मानदेय 30 हजार करने की मांग

डॉ. शिवाशीष श्रीवास्तव ने बताया कि इंटर्न डॉक्टरों का मानदेय दो माह से अटका हुआ है। डॉक्टरों की मांग है कि मासिक मानदेय 14,337 रुपए से बढ़ाकर 30 हजार रुपए किया जाए। साथ ही मांगों पर मौखिक आश्वासन के बजाय लिखित आदेश जारी किया जाए।

### दो माह से मानदेय अटका, बढ़ोतरी की मांग

इंटर्न डॉक्टरों का कहना है कि वे लगातार अस्पताल में सेवाएं दे रहे हैं, लेकिन दो माह से मानदेय नहीं मिला है। इससे उन्हें आर्थिक परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। डॉक्टरों ने लंबित मानदेय जारी करने के साथ बढ़ा हुआ मानदेय लागू करने की मांग की है।

### मुख्य मांगें

1. मानदेय 14,337 रुपए से बढ़ाकर 30 हजार रुपए किया जाए।
2. मांगों पर मौखिक आश्वासन के बजाय लिखित आदेश जारी किया जाए।
3. कार्रवाई में जिम्मेदार अधिकारियों पर कठोर कार्रवाई हो और घायल डॉक्टरों को मुआवजा दिया जाए।

# कलेक्टर की फोटो लगाकर ठगने निकले साइबर अपराधी, अधिकारियों-कर्मचारियों को भेजे संदेश

- विदेशी नंबर से आया कलेक्टर के नाम का संदेश
- प्रशासन ने कहा- पैसे मांगे जाएं तो तुरंत सतर्क हो जाएं


**नव भार न्यूज**

**रतलाम।** कलेक्टर अजय कटेसरिया का नाम और प्रोफाइल फोटो देखकर यदि वाट्सऐप पर कोई संदेश मिले तो उसे कलेक्टर का संदेश मानने की भूल भारी पड़ सकती है। साइबर अपराधियों ने कलेक्टर की पहचान का इस्तेमाल कर एक विदेशी मोबाइल नंबर से अधिकारियों-कर्मचारियों और अन्य लोगों को संदेश भेजना शुरू किया है। मामला सामने आने के बाद जिला प्रशासन ने संबंधित नंबर को कलेक्टर का अधिकृत नंबर नहीं बताते हुए लोगों को सतर्क किया है। जिस नंबर से संदेश भेजे जा रहे हैं, वह +639615402077 है। प्रशासन के अनुसार यह कलेक्टर का अधिकृत मोबाइल नंबर नहीं है। आशंका है कि कलेक्टर के नाम और फोटो का भरोसा पैदा करने के लिए इस्तेमाल कर साइबर ठग आगे पैसों की मांग या किसी अन्य तरह की धोखाधड़ी का प्रयास कर सकते हैं।

साइबर ठगों ने कलेक्टर के नाम और प्रोफाइल फोटो का इस्तेमाल कर ऐसा माहौल बनाने की कोशिश की है कि सामने वाले को संदेश वास्तविक लगे। यही इस ठगी का सबसे बड़ा खतरा है। प्रशासन ने स्पष्ट किया है कि केवल नाम और फोटो देखकर किसी संदेश को सही नहीं माना जाए।

कलेक्टर अजय कटेसरिया ने आम नागरिकों, अधिकारियों और कर्मचारियों से अपील की है कि उनके नाम, पद या फोटो का उपयोग कर किसी अनधिकृत नंबर से संदेश मिले तो उस पर प्रतिक्रिया नहीं दें। विशेष रूप से पैसों की मांग होने पर किसी भी खाते, यूपीआई या अन्य डिजिटल माध्यम से राशि जमा नहीं करें।

**पैसे मांगे जाएं तो पहले पुष्टि, फिर कोई कार्रवाई:** कलेक्टर या किसी वरिष्ठ अधिकारी के नाम से अचानक पैसे भेजने, बैंक खाते में राशि जमा करने या किसी डिजिटल माध्यम से भुगतान करने का संदेश आए तो तुरंत भुगतान नहीं करें। पहले संबंधित अधिकारी से अधिकृत माध्यम से पुष्टि करें। संदिग्ध संदेश पर प्रतिक्रिया नहीं दें और अपनी बैंकिंग या व्यक्तिगत जानकारी साझा करने से बचें।




### कलेक्टर की फोटो देखकर न करें भरोसा

साइबर ठगी में अब केवल फर्जी नाम या अनजान संदेश ही खतरा नहीं हैं। ठग प्रतिष्ठित अधिकारियों की वास्तविक फोटो लगाकर भी पहचान का भ्रम पैदा कर सकते हैं। ऐसे में संदेश भेजने वाले नंबर की जांच करना जरूरी है। नाम और फोटो सही दिखाई देने के बावजूद नंबर अनधिकृत हो सकता है।

# फोरलेन पर हादसे में घायल युवक की इलाज के दौरान मौत

**रतलाम/नामली।** जिले के नामली थाना क्षेत्र में महू-नीमच फोरलेन पर राम रसौड़ा के पास हुए सड़क हादसे में घायल श्यामलाल बागरी की इलाज के दौरान मौत हो गई। हादसा सोमवार दोपहर हुआ था। गंभीर चोट आने पर उसे उपचार के लिए मेडिकल कॉलेज रतलाम लाया गया, जहां इलाज के दौरान उसकी मौत हो गई। पुलिस के अनुसार ग्राम नयापुरा निवासी श्यामलाल पिता नंदूजी बागरी उम्र 35 वर्ष 7 सितंबर को राम रसौड़ा के पास हादसे में घायल हुआ था। दुर्घटना के बाद उसे उपचार के लिए मेडिकल कॉलेज रतलाम ले जाया गया। यहां उपचार के दौरान उसकी हालत बिगड़ने पर मौत हो गई।हादसा 7 सितंबर को दोपहर करीब 2 बजे से 2.50 बजे के बीच हुआ। सूचना के बाद पुलिस ने मौके की जानकारी दर्ज की। घायल श्यामलाल को मेडिकल कॉलेज रतलाम में भर्ती कराया गया था। इलाज के दौरान उसकी मौत होने पर नामली पुलिस ने मर्ग कायम कर जांच शुरू की है। पुलिस अधिकारी उपनिरीक्षक कमल कुमार पटेल के अनुसार मामले में हादसे के कारणों और घटनाक्रम की जांच की जा रही है।

## जन्म के अगले ही दिन नवजात की मौत

**रतलाम।** सुभाष नगर निवासी परिवार के एक दिन के नवजात शिशु की मेडिकल कॉलेज रतलाम में इलाज के दौरान मौत हो गई। शिशु को 7 सितंबर की शाम उपचार के लिए अस्पताल लाया गया था। करीब पांच घंटे बाद उसकी मौत हो गई। दीनदयाल नगर थाना पुलिस के अनुसार सुभाष नगर निवासी प्रेम पिता मोहनलाल देवड़ा अपने एक दिन के नवजात शिशु को 7 सितंबर को शाम करीब 5 बजे मेडिकल कॉलेज रतलाम लेकर पहुंचे थे। उपचार के दौरान रात 10.35 बजे नवजात की मौत हो गई। घटना की सूचना मिलने पर दीनदयाल नगर थाने के सहायक उपनिरीक्षक रमेशचंद्र परमार ने मर्ग कायम किया। पुलिस ने मामले की जांच शुरू कर दी है। पुलिस रिकॉर्ड में नवजात की उम्र एक दिन और पिता का नाम अज्ञात दर्ज है।

# बिना सूचना के अनुपस्थित 73 सफाई संरक्षकों का एक दिवस का वेतन काटा

- निरीक्षण में अनुपस्थित 5 सफाई संरक्षक सेवा से बर्खास्त

**रतलाम।** सफाई व्यवस्था की लगातार मॉनिटरिंग नगर निगम कर रहे हैं। लापरवाही और बिना अनुमति से छुट्टी पर जाने वालों पर कार्रवाई भी की जा रही हैं।

महापौर प्रहलाद पटेल के निर्देशानुसार निगम आयुक्त अनिल भाना द्वारा नगर के विभिन्न वार्डो में किये गये सफाई कार्य के निरीक्षण के दौरान विभिन्न वार्डो में बिना सूचना के अनुपस्थित 73 सफाई संरक्षकों का एक दिवस का वेतन काटा जाकर कारण बताओ सूचना पत्र जारी किया गया। इसके अलावा सफाई संरक्षक अरूण-कोहराम, राजेन्द्र-लालूराम, हिमांशु-महेन्द्र, पप्पू-रतन व श्रीमती शोभनाबाई-महेश द्वारा अपने कर्तव्य स्थल से बिना सूचना के अनुपस्थित रहने व कर्तव्य क्षेत्र में सफाई व्यवस्था संतोषजनक नहीं पाये जाने व गंदगी तथा कचरे के ढेर पाये जाने पर सेवा से बर्खास्त किया गया।

## एक नजर में

### महेश अग्रवाल की नियुक्ति पर स्वागत एवं अभिनंदन



**रतलाम।** वरिष्ठ भाजपा नेता एवं संस्था परस्पर अध्यक्ष महेश अग्रवाल को सांसद प्रतिनिधि (आईटीआई) एवं भाजपा जिला कार्यकारिणी सदस्य नियुक्त किया गया है।उनके इस मनोनयन पर संस्था परस्पर द्वारा स्वागत एवं अभिनंदन किया गया। इस अवसर पर संस्था के महेश व्यास, अभय सुराणा, मनीष बोहरा, अभय लोढ़ा, नितेश खिमेसरा, श्रेयांश जैन, सचिन गेलड़ा, मिलन राखेचा, ओपी पोरवाल, रमेश पोरवाल, प्रीतम भरगट, मितेश अग्रवाल, चंदन राठौर, अमित डांगी, शैलेंद्र व्यास, पंकज चौहान, विशाल चौहान, मयंक चौहान, सुनील जोशी, जीवन जैन, सतीश राठौर, जीवन जैन, अभिसार हाड़ा, विशाल पोरवाल, जगदीश सोनी, ललित कटारिया, दशरथ पोरवाल, मनोज गरबा, नितेश पोरवाल, निलेश शुक्ला, मेहुल बम, पंकज बरडिया, पवन गुगलिया, तरुण परमार, सुभाष नागोरी, आशीष पाटीदार एवं गणमान्य साथिगण उपस्थित रहे। इस अवसर पर महेश अग्रवाल ने एमएसएमई मंत्री एवं नगर विधायक चेतन काश्यप, सांसद श्रीमती अनीता नागर सिंह चौहान एवं भाजपा जिला अध्यक्ष प्रदीप उपाध्याय के प्रति आभार व्यक्त किया। साथ ही उन्होंने संस्था परस्पर के सभी सदस्यों एवं वार्ड के सभी वरिष्ठजनों का भी धन्यवाद एवं आभार व्यक्त किया। उक्त जानकारी प्रेस प्रवक्ता मितेश अग्रवाल ने दी।

### अष्टम पावस काव्य गोष्ठि ने इतिहास रच दिया: डॉ. प्रकाश उपाध्याय



**रतलाम।** अनुभूति संस्था अपने श्रेष्ठ साहित्यिक आयोजनों के कारण रतलाम जिले में अपनी विशिष्ट पहचान बना रही है, जो अपने आप में महत्वपूर्ण है। अष्टम पावस काव्य गोष्ठी में रचनाकारों ने बहुत ही उत्कृष्ट रचनाएँ कविता, गीत, गजल प्रस्तुत कर इतिहास रच दिया है। यह बात सुप्रसिद्ध गीतकार एवं संगीतज्ञ डॉ. प्रकाश उपाध्याय (नेत्र रोग विशेषज्ञ जावरा) ने साहित्यिक संस्था अनुभूति द्वारा स्वर्ण जयन्ति वर्ष के अन्तर्गत श्री तेजेश्वर महादेव मंदिर डोंगरे नगर रतलाम पर आयोजित वृहत जिला स्तरीय अष्टम पावस काव्य गोष्ठि में मुख्य अतिथि के रुप में कही। कार्यक्रम के विशेष अतिथि श्रीमती ब्रजेश माथुर (सैलाना) ने कहा कि अनुभूति संस्था का यह आयोजन अनुकरणीय एवं सराहनीय है। विशेष अतिथि शायर डॉ. वसीम वाहिद (धराड़) ने कहा कि अनुभूति संस्था का यह आयोजन हिन्दी, उर्दु संस्कृति की गंगा जमनी परम्परा का बेहतर उदाहरण है। कार्यक्रम की अध्यक्षता करते हुए वरिष्ठ साहित्यकार एवं समीक्षक प्रणयेश जैन ने कहा कि अनुभूति संस्था की पावस गोष्ठि में रचनाकारों ने एक से एक बढ़कर अपने गीत, कविता, व्यंग्य और गजलों की प्रस्तुति दी जो वर्षों बाद देखने को मिली। वृहत जिला स्तरीय पावस काव्य गोष्ठि में सर्व सिद्धिक रतलामी, हरिशंकर भटनागर, डॉ. सुरेशसिंह ठाकुर सालिव, डॉ. मोहन परमार, डॉ. शोभना तिवारी, डॉ. गीता दुबे, शायर फजल हयात (जावरा) बाबुलाल परमार रावटी) दिलीपकुमार जोशी दीप (सरवन) दिनेश कुमार जैन, राजेश रावल, लक्ष्मण पाठक, शिवराज जोशी, मोदीराम सोलंकी एकांत, कैलाश वशिष्ठ, हीरालाल खराड़ी, सुभाष यादव, अखिलचंद्र शर्मा स्नेही, मणिलाल पोरवाल, शांतिलाल गोयल शांतनु, रामचन्द्र गेहलोत अम्बर, प्रकाश हेमावत, अकरम शेरानी, जवेरीलाल गोयल, श्रीमती पुष्पलता शर्मा पुष्प, श्रीमती साधना परमार, श्रीमती पुष्पलता शर्मा स्नेही, बालकृष्ण तिवारी, छत्रपालसिंह बडोदा, ब्रजेश कुमार गोड आदि ने अपनी श्रेष्ठ रचनाओं का काव्य पाठ किया।

# छुट्टी पर घर आए जवान से रास्ते में रोककर मारपीट, 4 गिरफ्तार

**नव भारत न्यूज**

**रतलाम।** एक महीने की छुट्टी पर घर आए सेना के जवान को सोमवार रात रास्ते में रोककर मारपीट करने का मामला सामने आया है। दीनदयाल नगर थाना क्षेत्र के ईश्वर नगर में हुई घटना में जवान दिलीप हाड़ा की आंख, कान और होंठ पर चोट आई है। शिकायत के बाद पुलिस ने मुख्य आरोपी रोहित भूरिया सहित चार आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया। थाना प्रभारी अनुराग यादव के अनुसार धीरजशाह नगर निवासी सेना के जवान दिलीप हाड़ा 12 अगस्त को जम्मू से एक महीने की छुट्टी पर घर आए थे। सोमवार रात करीब 11.30 बजे वे बाजार से घर लौट रहे थे। गली नंबर-4 में ईश्वर नगर निवासी रोहित भूरिया ने उन्हें रोक लिया। आरोप है कि रोहित ने गाली-गलौज शुरू कर दी। विरोध करने पर उसके साथियों ने जवान से हाथ-थप्पड़ों से मारपीट की और जान से मारने की धमकी दी। मारपीट के दौरान शोर सुनकर पड़ोसी कमलापति तिवारी और अक्षय सेन मौके पर पहुंचे। दोनों ने बीच-बचाव कर जवान को आरोपियों से छुड़ाया। इसके बाद जवान थाने पहुंचा और घटना की शिकायत दर्ज कराई। पुलिस ने रोहित पिता राजू भूरिया उम्र 23 वर्ष निवासी ईश्वर नगर, आमान खान पिता अकबर खान निवासी ईश्वर नगर, प्रिंस पिता विजय सिसोदिया निवासी राम रहीम नगर और गनी पिता जाकिर खान निवासी ईश्वर नगर को गिरफ्तार किया। आरोपियों के खिलाफ प्रकरण दर्ज किया गया है।

**राजनीतिक रिश्तेदारी की चर्चा, पुलिस ने नहीं की पुष्टि:** घटना के बाद क्षेत्र में आरोपियों के सत्ताधारी दल से जुड़े एक प्रभावशाली नेता के रिश्तेदार होने की चर्चा भी है। हालांकि, पुलिस प्रशासन ने इस संबंध की आधिकारिक पुष्टि नहीं की है। ऐसे में मामले में राजनीतिक संरक्षण या दबाव की बात फिलहाल पुष्टि के स्तर पर नहीं है। पुलिस का कहना है कि प्रकरण में नियमानुसार जांच की जा रही है।

**शिकायत मिलते ही चारों आरोपी गिरफ्तार:** घटना की शिकायत के बाद दीनदयाल नगर पुलिस ने कार्रवाई करते हुए चार आरोपियों को गिरफ्तार किया। पुलिस ने आरोपियों के खिलाफ भारतीय न्याय संहिता की संबंधित धाराओं में प्रकरण दर्ज किया है। मामले में मारपीट की वजह और घटनाक्रम से जुड़े अन्य पहलुओं की जांच की जा रही है।

# जिले में विभिन्न कार्यालयों में हुई जनसुनवाई

**रतलाम।** कलेक्टर अजय कटेसरिया के निर्देशानुसार प्रत्येक मंगलवार को आयोजित होने वाली जनसुनवाई के तहत आज जिले में विभिन्न विकेन्द्रीकृत केन्द्रों पर जनसुनवाई आयोजित की गई। प्रात: 11 बजे से दोपहर 1 बजे तक आयोजित जनसुनवाई में अधिकारियों ने आमजन की समस्याएं सुनी तथा प्राप्त आवेदनों के निराकरण के लिए आवश्यक कार्यवाही की।

नगर पालिक निगम रतलाम क्षेत्र कार्यालय, रतलाम, जावरा, सैलाना एवं आलोट अनुविभाग कार्यालय तथा बाजना एवं पिपलौदा विकासखंड कार्यालय में जनसुनवाई आयोजित हुई। संबंधित अनुविभागीय अधिकारी राजस्व, जनपद पंचायतों के मुख्य कार्यपालन अधिकारी तथा अन्य विभागीय अधिकारियों द्वारा आवेदकों की समस्याएं सुनी गईं।

जनसुनवाई में राजस्व, पंचायत एवं ग्रामीण विकास, खाद्य, सामाजिक न्याय, स्वास्थ्य, महिला एवं बाल विकास, शिक्षा, कृषि, विद्युत सहित विभिन्न विभागों से संबंधित आवेदन प्राप्त हुए। अधिकारियों द्वारा आवेदनों को दर्ज कर आवश्यक कार्यवाही की गई तथा जिन प्रकरणों का निराकरण मौके पर संभव था, उनका निराकरण किया गया।

जनसुनवाई में संबंधित अधिकारियों को प्राप्त शिकायतों एवं आवेदनों का नियमानुसार निराकरण सुनिश्चित करने के निर्देश दिए गए। साथ ही आवेदकों को उनके प्रकरण में की जा रही कार्यवाही से अवगत कराने के लिए भी कहा गया।

# युवक ने घर में लगाई फांसी, मौत

- घर में फांसी लगाने से मौत
- औद्योगिक क्षेत्र पुलिस ने मर्ग कायम कर जांच शुरू की

**रतलाम।** औद्योगिक क्षेत्र थाना क्षेत्र के शिव नगर में 22 वर्षीय युवक ने फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली।

घटना सोमवार सुबह की है। परिजन उसे उपचार के लिए मेडिकल कॉलेज रतलाम लेकर पहुंचे, जहां चिकित्सकों ने मृत घोषित कर दिया।

पुलिस के अनुसार शिव नगर निवासी नाजमिन उर्फ नाजु खान पिता जफर खान उम्र 22 वर्ष ने सोमवार सुबह करीब 11 बजे फांसी लगा ली। घटना की जानकारी मिलने पर परिजन उसे मेडिकल कॉलेज रतलाम लेकर पहुंचे, लेकिन तब तक उसकी मौत हो चुकी थी।

घटना की सूचना जफर खान ने पुलिस को दी। औद्योगिक क्षेत्र थाने के उपनिरीक्षक जगदीशचंद्र यादव ने मामले में मर्ग कायम किया है। पुलिस ने शव का आवश्यक परीक्षण कराया है। युवक ने यह कदम क्यों उठाया, फिलहाल इसका कारण सामने नहीं आया है। पुलिस मामले की जांच कर रही है।

पुलिस ने अनुसार मामले की जांच की जा रही है। परिजनों से युवक के बारे में जानकारी जुटाई गई हैं। साथ ही पड़ोसियों से भी पूछताछ की जा रही हैं। फिलहाल मर्ग कायम कर मामले की जांच की जांच ही हैं।

# सर्वपितृ अमावस्या पर नि :शुल्क सामूहिक श्राद्ध, मौके पर मिलेगी पूरी सामग्री

- 10 अक्टूबर को चंपा विहार में आयोजन
- शामिल होने वालों का पहले से पंजीयन अनिवार्य



**रतलाम।** सर्वपितृ अमावस्या के अवसर पर शहर में नि:शुल्क सामूहिक श्राद्ध कर्म का आयोजन किया जाएगा। 10 अक्टूबर को संत श्री वाटिका, चंपा विहार में होने वाले आयोजन में शामिल होने वाले श्रद्धालुओं को श्राद्ध कर्म की पूरी सामग्री भी नि:शुल्क उपलब्ध कराई जाएगी। आयोजन को लेकर श्री गुरु मंदिर, कालिका माता मंदिर के पास बैठक में तैयारियों और व्यवस्थाओं पर चर्चा की गई।

श्री योग वेदांत सेवा समिति, युवा सेवा संघ महिला उत्थान मंडल एवं मांगल्य मंदिर धर्मक्षेत्र के संयुक्त आयोजन में श्रद्धालुओं को श्राद्ध कर्म के लिए सामग्री की व्यवस्था आयोजन स्थल पर ही की जाएगी। इसमें शामिल होने के लिए पूर्व पंजीयन अनिवार्य रहेगा। समिति मोबाइल नंबर के साथ गूगल फॉर्म और क्यूआर कोड उपलब्ध कराएगी, जिसके माध्यम से नि:शुल्क पंजीयन कराया जा सकेगा।

आयोजन में उड़ीसा के जगन्नाथ पुरी से आए विद्वान एवं संयमी ब्राह्मण देव शारदा प्रसाद मिश्रा द्वारा विधिवत श्राद्ध कर्म कराया जाएगा। श्रद्धालुओं को प्रसादी स्वरूप महर्षि संजय शिवशंकर दवे द्वारा अभिमंत्रित कुबेर पोटली भी वितरित की जाएगी।

### निमंत्रण देने घर-घर पहुंचेंगे

आयोजन से पहले समिति के सेवादार घर-घर जाकर पितृ पक्ष और श्राद्ध कर्म की जानकारी देंगे तथा लोगों को सामूहिक आयोजन में शामिल होने के लिए आमंत्रित करेंगे। समिति ने शहरवासियों से समय रहते नि :शुल्क पंजीयन कराने और सर्वपितृ अमावस्या पर सामूहिक श्राद्ध में शामिल होने की अपील की है।

## एक नजर में

**एक संकल्प से 1000 से ज्यादा नेत्रदान तक पहुंचा अभियान, अब हर परिवार तक पहुंचाने का आह्वान**

# 1000 से ज्यादा आंखों को रोशनी देने की सेवा, डॉ. ददरवाल सम्मानित

**नव भारत न्यूज**

**रतलाम।** मृत्यु के बाद भी किसी की दुनिया रोशन हो सकती है... इसी संकल्प को समाज तक पहुंचाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाने वाले गीता भवन न्यास, बड़नगर के डॉ. जी.एल. ददरवाल का नेत्रदान के क्षेत्र में 1000 से अधिक नेत्रदान संपन्न कराने पर सम्मान किया गया। नेत्रम संस्था की ओर से आयोजित समारोह में सामाजिक, धार्मिक और सेवा संस्थाओं के प्रतिनिधियों, चिकित्सकों तथा पत्रकारों ने डॉ. ददरवाल के सेवा कार्य को नमन किया।

समारोह में गीता भवन न्यास अध्यक्ष हरिकिशन मेलवाणी, रेडक्रॉस सोसायटी चेयरमैन प्रीतेश गादिया, भारत विकास परिषद जावरा अध्यक्ष शेखर नाहर और काकानी सोशल वेलफेयर अध्यक्ष माधव काकानी मंचासीन रहे। वक्ताओं ने कहा कि 1000 से अधिक नेत्रदान केवल आंकड़ा नहीं, बल्कि मानव सेवा के 1000 से अधिक संकल्पों की प्रेरणादायी यात्रा है। डॉ. ददरवाल ने लगातार प्रयास कर नेत्रदान की भावना को समाज के विभिन्न वर्गों तक पहुंचाया। समारोह में अधिक से अधिक लोगों को मरणोपरांत नेत्रदान के लिए प्रेरित करने का संकल्प लिया गया।




**अभियान को घर-घर पहुंचाने में पत्रकारों की भूमिका भी रेखांकित:** समारोह में नेत्रदान जागरूकता अभियान को जन-जन तक पहुंचाने में पत्रकारों की भूमिका को भी महत्वपूर्ण बताया गया। पत्रकार रितेश मेहता, निलेश बाफना, दीपक मूणत का सम्मान किया।

**मौत के बाद भी आंखें दे सकती हैं किसी को रोशनी:** नेत्रम संस्था ने कहा कि मृत्यु के बाद आंखें किसी जरूरतमंद के जीवन में उजाला ला सकती हैं। इसलिए नेत्रदान के संकल्प को केवल कुछ लोगों तक सीमित रखने के बजाय प्रत्येक परिवार तक पहुंचाना जरूरी है। उपस्थितजनों ने नेत्रदान को जनआंदोलन बनाने का संकल्प लिया।

### कई समाज और संस्थाएं बनीं अभियान की सहभागी

समारोह में समता युवा संघ, तेरापंथ नवयुवक परिषद, सर्व ब्राह्मण समाज, अग्रवाल युवा संगठन, माहेश्वरी समाज और सिंधी समाज सहित विभिन्न सामाजिक संस्थाओं के प्रतिनिधि शामिल हुए। मेडिकल कॉलेज के चिकित्सकों तथा गीता भवन न्यास, बड़नगर के पदाधिकारियों ने भी सहभागिता की। नेत्रम संस्था की पूरी टीम मौजूद रही।